# BIGTEST.IN

# 1 मई 2023 से 31 मई 2023

## राजस्थान

## समसामायिक




**REET | RAS | CET | RPSC | RSMSSB | 2ND GRADE**

January 2023 Rajasthan Current Affairs

February 2023 Rajasthan Current Affairs
March 2023 Rajasthan Current Affairs
April 2023 Rajasthan Current Affairs

राजस्थान समसामयिकी – 1 मई 2023

## विश्व श्रमिक दिवस

- 1 मई को विश्व श्रमिक दिवस मनाया जाता है।

## राजस्थान में, वित्त वर्ष 2022-23 में GST संग्रह बढ़ोतरी

- राजस्थान में, वित्त वर्ष 2022-23 में GST संग्रह पिछले वित्त वर्ष 27,501 से 23% बढ़कर 33,787 करोड़ रुपये
- हो गया।
- वैट राजस्व संग्रह 10.30 प्रतिशत बढ़कर 22,726 करोड़ रुपये हो गया।
- वाणिज्यिक कर विभाग ने 2022-23 में 56, 514 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया।
- जो पिछले वर्ष की तुलना में 17% अधिक है।

## 11वीं पावर यूटिलिटिज इंटिग्रेटेड रेटिंग व रैंकिंग में अजमेर डिस्कॉम का 19वाँ स्थान

- भारत सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 के लिये, जारी 11वीं पावर यूटिलिटिज इंटिग्रेटेड रेटिंग व रैंकिंग में अजमेर डिस्कॉम ने 8 स्थानों की छलांग लगा 19वाँ स्थान प्राप्त किया है।
- इससे पहले अजमेर डिस्कॉम 27वें स्थान पर था। जो 8 स्थानों की छलांग लगा 19वें स्थान पर आ गया है।
- अजमेर डिस्कॉम का वार्षिक स्कोर 21.5 से बढ़कर 62.1 हो गया है।
- अजमेर डिस्कॉम की पहले ग्रेडिंग 'सी' थी, जो अब सुधरकर 'बी' हो गई है।
- इस रैंकिंग में जयपुर डिस्कॉम को 29वाँ तथा जोधपुर डिस्कॉम को 39वाँ स्थान मिला है।
- राजस्थान में कुल 3 बिजली डिस्कॉम है – अजमेर,जयपुर,जोधपुर
- अजमेर डिस्कॉम में राजस्थान के 11 जिले आते हैं।
- राजस्थान के अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान तथा शत–प्रतिशत राजस्व वसूली करने के कारण ही अजमेर डिस्कॉम का नाम देश के अग्रणी डिस्कॉम्स में शामिल हो गया है।

## एल्डर हेल्पलाइन नंबर 14567

- राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 2021 से संचालित हेल्पलाइन नंबर 14567 के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

- एल्डर हेल्पलाइन का संचालन राजस्थान में जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय, जयपुर से नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है।

## स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में जयपुर प्रदेश में तीसरे व देश में 13वें स्थान पर

- जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, की ओर से ''मजमा'' कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम उद्घाटन में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्मार्ट सिटी के विकास कार्यों में जयपुर देश में 13वें स्थान पर है, जबकि राजस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया हैं।

## अलवर में बाबा चूहडसिद्ध लवकुश वाटिका का लोकार्पण

- यह लवकुश वाटिका बजट घोषणा के तहत 2 करोड़ रुपये की राशि से बनी है ।
- बाबा चूहडसिद्ध के स्थान पर बनी यह लवकुश वाटिका जिले में पर्यटन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।
- राजस्थान सरकार ने बजट 2023–24 में प्रत्येक जिले में एक–एक लव कुश वाटिका विकसित करने की घोषणा की थी।

राजस्थान समसामयिकी – 2 मई 2023

## इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में सब डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बेस्ट ग्रोस ट्रॉफी का खिताब

- ऑल इंडिया गोल्ड फेडरेशन द्वारा नई दिल्ली के आईटीसी ग्राण्ड गोल्फ कोर्स में आयोजित ऑल इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में बेस्ट ग्रोस ट्रॉफी का खिताब बीकानेर के लिए सब डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने जीता है।
- वीएसएफ महानिदेशक – सुजाय लाल थाउसेन

## इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह

- इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में महिला एवं बालिका विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं एवं शख्सियतों का सम्मान किया गया।
- समारोह में इनाया फाउंडेशन को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया, सरिता योगी को द्वितीय एवं एकादशी फाउंडेशन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 61 पुलिस अधिकारी होंगे "डीजीपी डिस्क" से सम्मानित

- पुलिस विभाग में सराहनीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले 61 अधिकारी व पुलिसकर्मी "डीजीपी डिस्क" से सम्मानित होंगे ।
- जिसमें एडीजी सौरभ श्रीवास्तव, ए पौनूचामी, आईजी लता मनोज कुमार, आलोक कुमार वशिष्ठ, एसपी प्रीति जैन, एएसपी समीर कुमार, चंद्रेश कुमार, डीएसपी रामानंद शर्मा, मनस्वी चौधरी, इंस्पेक्टर कैलाश चंद शर्मा व त्रिभुवन कुमार वशिष्ठ सहित 61 पुलिसकर्मी सम्मानित होंगे ।

- सौरभ श्रीवास्तव पदोन्नत होकर रिटायर हो गए।

राजस्थान समसामयिकी – 3 मई 2023

## ऑर्गेनिक फार्मिंग शुरू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय

- ऑर्गेनिक फार्मिंग शुरू करने वाला जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होगा ।
- बदलती वैश्विक परिस्थिति खेती में रसायनों के उपयोग से मानव जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभाव तथा बंजर होती जमीन के संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती बनाने पर जोर दिया जा रहा है।
- जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अन्य विषयों के साथ ही ऑर्गेनिक फार्मिंग पढ़ाई चाहिए ।
- नोट– ट्रांसजेंडर्स को प्रवेश देने वाली देश की दूसरी युनिवर्सिटी जय नारायण व्यास युनिवर्सिटी, जोधपुर है ।

## आवान मण्डल की नई पहल निर्माण श्रमिकों को प्रशिक्षण के लिए NAREDCO के साथ एमओयू

- राजस्थान आवासन मंडल प्रदेश के निर्माण श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण दिलवाएगा।
- 20 हजार निर्माण श्रमिकों को प्रशिक्षण मिलेगा।
- इसके लिए मण्डल ने केंद्रीय एजेंसी नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) के साथ समझौता पत्र (एमओयू) हस्ताक्षरित किया है।

- आगामी 2 वर्षों में 'निपुण' (नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर प्रमोशन ऑफ अपस्किलिंग ऑफ निर्माण वर्कर्स) कार्यक्रम के तहत 20 हजार श्रमिकों को ऑन–साइट कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- प्रशिक्षण के बाद श्रमिकों को 3 साल के लिए 2 लाख रुपये का निःशुल्क दुर्घटना बीमा भी करवाया जाएगा।
- प्रशिक्षण समाप्ति पर श्रमिकों को नरेडको द्वारा प्रमाण पत्र एवं 500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- प्रशिक्षण की सबसे बड़ी खास यह है कि प्रशिक्षण लेने के बाद श्रमिक अकुशल से कुशल की श्रेणी में आ सकेंगे।
- जिससे उनकी कार्यकुशलता व गुणवत्ता में वृद्धि होगी और मानदेय भी बढ़ेगा।

## जवानपुरा ग्राम पंचायत – राष्ट्रीय स्तर पर हेल्थी विलेज घोषित

- राजस्थान की विराटनगर पंचायत समिति का जवानपुरा ग्राम पंचायत, जयपुर को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर हेल्थी विलेज घोषित किया है ।
- जवानपुरा गांव में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, मैजिक पीट, घरों से निकलने वाले गंदे पानी के निस्तारण आदि कार्य किए जाते हैं ।

- प्रदेशभर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पायलट प्रोजेक्ट के क्षेत्र में रोल मॉडल गांव घोषित हो रहे हैं।

## आई स्टार्ट नेक्स्ट इनक्यूबेटर सेंटर

- आई स्टार्ट नेक्स्ट इनक्यूबेटर सेंटर जोधपुर और पाली के बाद 8 जिलों में स्थापित होंगे ।
- कुल 10 जिले– जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, भरतपुर, चूरू, जोधपुर, पाली
- आई स्टार्ट नेक्स्ट इनक्यूबेटर सेंटर का उद्देश्य स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए विद्यार्थियों में उद्यमिता और कौशल विकास

## प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वाणी योजना)

- दूरसंचार विभाग एसटीडी पीसीओ की तर्ज पर पूरे प्रदेश में 100 से 200 मीटर की रेंज पर निजी वेंडरों के सहयोग से वाई–फाई डाटा एक्सेस प्वाइंट का जाल बिछाया जाएगा प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वाणी योजना) के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसका प्रयोग जयपुर प्रतापगढ़ में किया जा रहा है
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2020 में पीएम वाणी योजना का शुभारंभ किया था ।
- प्रदेश में इसका शुभारंभ प्रतापगढ़ से हुआ था ।

राजस्थान समसामयिकी – 4 मई 2023

## बारां में भिक्षावृति उन्मूलन के लिए अभियान उमंग–1 की शुरूआत

- बारां जिले में भिक्षावृति उन्मूलन के लिए विशेष अभियान उमंग–1 की शुरूआत की गई है।

- इसके तहत पुलिस, मानव तस्करी यूनिट, आरपीएफ और चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से संयुक्त रूप से कार्रवाई कर बच्चों का भिक्षावृति से मुक्त करवाकर पुर्नवास कराया जाएगा।
- अभियान 31 मई तक संचालित किया जाएगा।
- NOTE– 14 नवंबर 2022 से राजस्थान के जयपुर शहर में भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया था।

## ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम (GSTF) - 2023

- 3–4 मई 2023 को राजसमंद में स्टोन इंडस्ट्री से संबंधित संबधित नई तकनीकी जानकारी उद्यमियों को देने के लिए "ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम– 2023" "जीएसटीएफ" का आयोजन किया गया।
- जिसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी ने किया।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स "सीडोस" द्वारा दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पत्थर प्रौद्योगिकी सम्मेलन का यह 9वां संस्करण है।

## लोकसभा की प्राक्कलन समिति में राजस्थान के के सांसद

- लोकसभा की प्राक्कलन समिति में राजस्थान के तीन सांसद निर्वाचित हुए हैं।
- इनमें पाली के पीपी चौधरी, श्रीगंगानगर के निहालचंद मेघवाल और जयपुर (ग्रामीण) के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल हैं।
- समिति के अध्यक्ष रहे गिरीश भालचंद्र बापट के गत 29 मार्च को देहांत के बाद 30 सदस्यीय समिति में एक पद रिक्त है।

- लोकसभा सचिवालय के अनुसार वर्ष 2023–24 के लिए प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में काम करने के लिए 29 सदस्य विधिवत रूप से निर्वाचित "किए गए हैं।
- डॉ. संजय जायसवाल को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

## अन्नपूर्णा नि:शुल्क फूड पैकेट योजना

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्नपूर्णा निशुल्क फूड पैकेट योजना की घोषणा बजट 2023–24 में की थी।
- फूड पैकेट योजना राजस्थान का लाभ लेने के लिए पात्र लाभार्थियों को 24 अप्रैल 2023 से आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैंप में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।
- यह फूड पैकेट सहकारिता विभाग के कॉनफेड द्वारा सामान खरीद कर तैयार किए जाएंगे।
- फूड पैकेट सरकारी मान्यता प्राप्त उचित मूल्य की दुकानों(एफपीएस) पर उपलब्ध कराए जाएंगे ।

## अन्नपूर्णा नि:शुल्क फूड पैकेट योजना के पैकेट में उपलब्ध सामग्री

- 1 किलो चने की दाल
- 1 लीटर खाना बनाने वाले तेल
- 50 ग्राम हल्दी पाउडर
- 100 ग्राम मिर्ची के पाउडर
- 1 किलो नमक

- 1 किलो चीनी
- 100 ग्राम धनिए के पाउडर

राजस्थान समसामयिकी – 5 मई 2023

## सीता माली का अंतरराष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

- कजाकिस्तान में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बाड़मेर की पैरा खिलाड़ी सीता माली का चयन हुआ है।
- सीता माली भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## राजस्थान की नसीराबाद सैन्य छावनी परिषद खत्म

- रक्षा मंत्रालय ने देशभर में 62 सैन्य छावनी परिषदों को समाप्त करना शुरू कर दिया है।
- इस फैसले से राजस्थान की नसीराबाद सैन्य छावनी परिषद खत्म होगी और यह मिलिट्री स्टेशन में तब्दील हो जाएगी।
- नोट – नसीराबाद छावनी की स्थापना 1818 में हुई थी।
- नसीराबाद में क्रांति की शुरुआत 28 मई, 1857 को छावनी की 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों ने की थी।

## बाघिन एमटी 4 की मौत

- मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व की बाघिन एमटी 4 की मौत हो गई जिसके कारण टाइगर रिजर्व बाघ विहीन हो गया है।

## ताइक्वांडो राष्ट्रीय ओपन कैडिट चैंपियनशिप में प्रियांशी ने जीता कांस्य

- महाराष्ट्र में ताइक्वांडो की राष्ट्रीय ओपन कैडिट चैंपियनशिप में प्रियांशी ने क्रेडिट में 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## विकास पोदार गोल्ड अवार्ड से सम्मानित

- फुटवियर ब्रांड कार्बन के निदेशक विकास पोदार को फेडरेशन ऑफ इंडिया में एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ओर से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में नॉन लेदर सेक्टर में एमएसएमई निर्यात के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## राजस्थान समसामयिकी – 6 मई 2023

## राजगढ़ के नरपत सिंह ने यूथ एशियन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

- उज्बेकिस्तान में 27 से 30 अप्रैल तक पांचवी यूथ एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था।
- नरपत ने यूथ एशियन चैंपियनशिप में हैमर थ्रो में कांस्य पदक (ब्रांज मेडल) जीता है।
- नरपत का सम्बंध चुरू जिले के राजगढ़ तहसील (लंबोर बड़ी गांव ) से है।
- इससे पहले नरपत ने यूथ नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) जीतकर यूथ एशिया के लिए क्वालीफाई किया था।

## राजस्थान के पहले सेंटर ऑफ जिनोमिक्स एक्सीलेंस की शुरुआत

- राजस्थान के पहले सेंटर ऑफ जिनोमिक्स एक्सीलेंस की शुरुआत जयपुर के एपेक्स हॉस्पिटल में 3 मई 2023 से की गई है।
- पूना की जिनसिको हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इस सेंटर को शुरू किया गया है।
- इस सेंटर पर डीएनए टेस्टिंग की अत्याधुनिक तकनीक जीनोमिक्स के जरिए किसी व्यक्ति के शरीर का कल्चर और कांस्टीट्यूशन की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।
- इसकी मदद से बीमार व्यक्ति के शरीर को दी जा सकने वाली मेडिसिन की मात्रा एवं दवाई का प्रकार ज्ञात किया जा सकता है।

## काजरी ने बाजरे का भुजिया तैयार किया

- केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) ने बीकानेर के मोठ के भुजिया की तर्ज पर जोधपुर में बाजरे का भुजिया तैयार किया है।
- बाजरे के साथ थोड़ा सा मूंग मिलाकर इसे पोष्टिक बनाया गया है।

### काजरी से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- काजरी/CAZRI की स्थापना 1959 में जोधपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तहत की गई।
- काजरी का मुख्यालय जोधपुर में है।
- काजरी के अन्य कार्यालय बीकानेर, पाली और जैसलमेर मैं है।

## हल्दीघाटी युवा महोत्सव

- राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से 5–6 मई 2023 को दो दिवसीय हल्दीघाटी युवा महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किया।
- वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने में सशक्त, शिक्षित तथा विकसित युवा पीढ़ी की अहम भूमिका रहेगी।

## ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल

- राजस्थान के पहले 'ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल' का उद्घाटन कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया ने 5 भी 2023 को किया।
- यह फेस्टिवल जवाहर कला केन्द्र में चल रहे सहकार मसाला मेले में शुरू किया गया है।
- राज्य सरकार के सहकारिता विभाग की ओर से 10 दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2023' का आयोजन 28 अप्रैल से 7 मई तक जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में किया गया है।

## अपराधियों की गिरफ्तारी पर इनामी राशि में वृद्धि

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी पर इनामी राशि में वृद्धि को मंजूरी दे दी है
- अब फरार अपराधियों पर –

1. पुलिस महानिदेशक 5 लाख तक
2. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक 1 लाख तक
3. पुलिस रेंज महानिरीक्षक 50 हजार तक

4. जिला पुलिस अधीक्षक ₹25000 तक की इनामी राशि की घोषणा कर सकेंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 7 मई 2023

### भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में मिले पेट्रोलियम के भंडार

- वर्तमान में राजस्थान में इन चार क्षेत्रों में पेट्रोलियम के भंडार है ।

1. राजस्थान शेल्फ जैसलमेर बेसिन : जैसलमेर व अशंत बीकानेर
2. बाड़मेर सांचौर बेसिन : बाड़मेर व अशंत जालौर
3. बीकानेर नागौर बेसिन : बीकानेर, नागौर, गंगानगर व चूरू
4. विध्यन बेसिन : कोटा, झालावाड़, बारां, अशंत बूंदी, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़

- हाल ही में राजस्थान में लगभग 97 हजार से 1 लाख बैरल प्रतिदिन खनिज तेल का उत्पादन हो रहा है ।
- वर्तमान में 16 पीईएल (पेट्रोलियम अन्वेषण अनुज्ञा पत्र) ब्लॉक राजस्थान में तेल तथा गैस अन्वेषण के लिए स्वीकृत है।
- राज्य सरकार ने 60 हजार वर्ग किलोमीटर एरिया तेल व गैस अन्वेषण के लिए चिन्हित किया है ।
- भीलवाड़ा में सबसे ज्यादा खनन लैंड, जिंक, आयरन, ग्रेनाइट और मार्बल, सेंड स्टोन का हो रहा है ।
- और चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा खनन लाइमस्टोन के कारण सीमेंट फैक्ट्रियां हैं ।
- देश में उत्पादित खनिज तेल में करीब 20 फीसदी उत्पादन राजस्थान से हो रहा है ।
- राजस्थान में पैट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस की 10 ब्लॉक है ।

- जिसमें बाड़मेर सांचौर बेसिन के 8 ब्लॉक हैं, तथा बीकानेर नागौर बेसिन के दो ब्लॉक है।
- वेदांता लिमिटेड को 8 ब्लॉक तथा ऑयल इंडिया लिमिटेड को दो ब्लॉक पेट्रोलियम अन्वेषण के लिए दे रखे हैं ।

## हैंडबॉल में राजस्थान की बालिकाओं ने जीता रजत पदक

- राजस्थान की बालिकाओं ने गोवा में फिनिक्स कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में अंडर–19 अंडर – 16 वर्ग में रजत पदक जीते ।
- फिनिक्स कप का आयोजन मनोहर परिकर स्टेडियम गोवा में किया गया ।

## डॉ भावना शर्मा "फैलो ऑफ इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी" के लिए चयनित

- SMS मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ भावना शर्मा को उल्लेखनीय कार्य करने पर "फैलो ऑफ इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी 2023" के लिए चयनित किया गया ।
- डॉ भावना शर्मा राज्य की पहली महिला न्यूरोफिजिशियन है जिन्हें यह फैलोशिप मिली है ।

## तिलालोटन चोटी पर शेखावटी दल ने फहराया ध्वज

- शेखावटी क्षेत्र के पर्वतारोहियों के दल ने हिमालय की 13800 फीट ऊंची सारपास चोटै के रास्ते 17000 फीट से अधिक ऊंची तिलालोटन चोटी पर राष्ट्रध्वज फहराया ।

- लक्ष्मणगढ़ के अक्षय कुमार जांगिड़ की नेतृत्व में नवीपुरा निवासी पंकज ढाका, मुकुंदगढ़ निवासी सुनील कुमार ट्रेलर, जाखल निवासी शंकर लाल वर्मा, व जयपुर निवासी दिनेश कुमार नरूला ने अभियान को अंजाम दिया।

## भारतीय सेना के युद्ध टैंक टी – 55 का उद्घाटन

- राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 6 मई 2023 को भारतीय सेना के युद्ध टैंक टी – 55 का महाराणा प्रताप स्मारक मोती मगरी पर उद्घाटन किया।
- यह युद्ध टैंक टी – 55 भारतीय सेना के जज्बे का प्रतीक है, जो भावी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करता रहेगा।
- कलराज मिश्र के अनुसार महाराणा प्रताप देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी है।

## राजस्थान समसामयिकी – 8 मई 2023

## निशुल्क पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन सम्मानित

- राजस्थान जनमंच ट्रस्ट निशुल्क पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन को स्टार ग्रुप में स्टार सेवा सम्मान से नवाजा है।
- इनको यह सम्मान वृद्ध, बीमार अपंग, लावारिस पक्षियों की निशुल्क चिकित्सा एवं उनकी भोजन व्यवस्था जैसे कार्यों के लिए दिया गया है।

## जयपुर की आकांक्षा गोस्वामी यंग लीडर्स एशियन प्रोफेशनल फैलो प्रोग्राम में चयनित

- जयपुर की आकांक्षा गोस्वामी का अमेरिकी सरकार द्वारा प्रायोजित यंग लीडर्स एशियन प्रोफेशनल फेलो प्रोग्राम के लिए चयन किया गया है।

- 8 मई से 9 जून तक अमेरिका में होने वाले इस विशेष प्रोग्राम में आकांक्षा गोस्वामी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## निहाल चंद गोयल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के निदेशक नियुक्त

- पूर्व मुख्य सचिव निहाल चंद गोयल को जयपुर में 17 अप्रैल 2023 को शुरू हुए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के निदेशक नियुक्त किया गया है।
- निहाल चंद गोयल मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में दिसंबर 2017 से अप्रैल 2018 तक राजस्थान के मुख्य सचिव थे।

## हीरानंद कटारिया बने भारतीय वुशू संघ के उपाध्यक्ष

- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया को भारतीय वुशू संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## मगन सिंह राजवी बने राजस्थान फुटबॉल के ब्राण्ड एम्बेसेडर

- ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने "अर्जुन अवॉर्डी मगन सिंह राजवी" को राजस्थान फुटबॉल का ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाया गया है
- फुटबॉल फेडरेशन ने मिशन 2047 जारी किया है।
- मदन सिंह राजवी "भारतीय फुटबॉल टीम" के कप्तान रहे हैं।
- फुटबॉल जगत में अतुल्य योगदान के लिए उन्हें 1973 में अर्जुन अवार्ड प्रदान किया गया था।

## रणथंभोर के बाघ T-104 को सज्जनगढ़ पार्क में शिफ्ट किया जाएगा

- एनटीसीए द्वारा राजस्थान के वन विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद रणथंभोर के बाघ T –104 को रणथम्भोर से उदयपुर के सज्जनगढ़ बॉयोलिकल पार्क में शिफ्ट किया जाएगा।

## राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण की स्थाई पीठ को स्वीकृति

- राज्य सरकार ने जोधपुर में राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण की स्थाई पीठ खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- वर्ष 2023–24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।.
- इस निर्णय से राज्य कार्मिकों के सेवा से जुड़े प्रकरणों जैसे पेंशन, वेतन निर्धारण,पदोन्नति आदि का त्वरित निस्तारण हो सकेगा।
- राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में स्थित है।
- अधिकरण की स्थापना 1 जुलाई 1976 को राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों अपील अधिकरण) अधिनियम, 1976 के तहत सेवा मामलों और सरकारी कर्मचारियों के प्रासंगिक मामलों से संबंधित विवादों और शिकायतों के न्याय निर्णयन के लिए की गई है।

### राजस्थान समसामयिकी – 9 मई 2023

## सिलोरा (किशनगढ़) में पुलिस प्रशिक्षण स्कूल की स्थापना

- पुलिस कर्मचारियों की कार्य क्षमता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से अजमेर के सिलोरा (किशनगढ़) में पुलिस प्रशिक्षण स्कूल की स्थापना की जाएगी।

## 5वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023

- बेंगलुरू में आयोजित पांचवी इंडियन ओपन एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में श्री गंगानगर की निशा लिंबा ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता है
- निशा लिंबा ने अपना ही नेशनल रिकॉर्ड (5.08 मीटर) तोड़कर कर नया रिकॉर्ड (5.88 मीटर) बनाया और भूटान की खिलाड़ी को हराकर यह प्रतियोगिता जीती है।

## सांख्यिकी निदेशालय द्वारा पोर्टल "संस्था आधार" का लोकार्पण

- आपदा प्रबन्धन एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा संचालित संस्था आधार योजना के पोर्टल "संस्था आधार" का लोकार्पण किया।
- उन्होंने कहा कि अब राज्य के समस्त संस्थान / विभाग ऑनलाइन आधार या अन्य आई.डी. के द्वारा पंजीयन करवाकर इस पोर्टल br.raj.nic.in पर संस्था आधार नम्बर प्राप्त कर सकते हैं।
- यह पोर्टल NIC के सहयोग से तैयार किया गया है।

## टोंक जिला कलक्टर का नवाचार मिशन लक्ष्य साधना

- टोंक जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल के स्पेशल इनिशिएटिव "मिशन लक्ष्य साधना" के तहत टोंक जिले के 11 सरकारी विद्यालयों में पीसीएम (फिजिक्स केमिस्ट्री – मैथ्स) एवं पीसीबी (फिजिक्स कैमिस्ट्री बायो स्ट्रीम्स के विद्यार्थियों को आईआईटी और नीट की फ्री कोचिंग दी जा रही है।

- इसके तहत टोंक जिले में संचालित 5 स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, 5 राजकीय सीनियर सैकेण्डटी स्कूलों तथा टोंक के गुलजार बाग में चल रहे महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को कोचिंग दी जा रही है।
- परिणाम स्वरूप टॉक के सरकारी स्कूलों के नौ विद्यार्थियों ने आईआईटी एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।

## मास्को वुशू स्टार वुशू चैंपियनशिप में मंजू चौधरी ने स्वर्ण व हिमानी ने रजत जीता

- मास्को वुशू स्टार वुशू चैंपियनशिप में मंजू चौधरी ने स्वर्ण पदक व हिमानी ने रजत पदक जीता।
- मंजू चौधरी ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता है।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया हैं।

## वायुसेना का मिग–21 क्रेश

- 8 मई 2023 को राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के बहलोल नगर में वायुसेना का मिग–21 क्रेश हो गया था।
- राजस्थान में 5 जनवरी 2021 से मिग–21 गिरने की यह पांचवीं घटना है।

## राजस्थान समसामयिकी – 10 मई 2023

## एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट 2022

- एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट 2022 के 4.0 संस्करण में सीकर पहले स्थान पर तथा झुंझुनू दूसरे स्थान पर रहा है।

- एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट 2022 (संस्करण 4.0) स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के आधार पर तैयार की गई है।
- स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के तहत एसडीजी के 17 लक्ष्यों के 330 संकेतों को शामिल किया गया है।
- SDG 1.0 रिपोर्ट में झुंझुनूं पहले स्थान पर था।
- SDG 2.0 रिपोर्ट में कोटा पहले स्थान पर था।
- SDG 3.0 रिपोर्ट में जयपुर पहले स्थान पर था।
- SDG 4.0 रिपोर्ट में सीकर पहले स्थान पर है।

## ग्रीष्म महोत्सव का आयोजन

- 12–14 मई 2023 को ग्रीष्म महोत्सव का आयोजन माउंट आबू , सिरोही में किया जाएगा ।

## डेगाना, नागौर में मिले लिथियम के भंडार

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू कश्मीर में मिळे भंडार से भी बड़े डेगाना, नागौर में लिथियम के भंडार खोजे हैं ।
- राजस्थान में लिथियम के भंडार डेगाना और उसके आसपास के क्षेत्र में उसी रेनवाट पहाड़ी पर पाए गए हैं जहां से कभी टंगस्टन खनिज की देश को आपूर्ति की जाती थी ।
- भारत लिथियम के लिए चीन पर निर्भर हैं ।

## देवगढ़ मारवाड़ के बीच चलाई जाएगी रेल बस (राधा रानी)

- मारवाड़ के निकट गोरम घाट पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देवगढ़ मारवाड़ के बीच 52.08 किलोमीटर लाइन को मीटर गेज रखकर ट्रैक पर जल्दी रेल बस चलाई जाएगी ।
- यूपी में मथुरा से बांके बिहारी के भक्तों लिए वृंदावन जाने वाली रेल बस अब मारवाड़– मावली के मीटर गेज ट्रैक पर सरपट दौड़ती दिखेगी । मारवाड़ से देवगढ़ मदारिया तक का ट्रेक प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेरता है।
- मारवाड़ से भावली तक रेलबस चलाना प्रस्तावित है। रेलबस मावली स्टेशन पर आ चुकी है।
- रेल बस का नाम – राधा रानी
- यह रेल बस मीटर गेज पर ही चलती है।
- इसमें एक कोच होता है।
- उसी में इंजन लगा होता है।

## रावतभाटा (राजस्थान) में – हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र

- राजस्थान परमाणु बिजली घर में 10 क्यूबिक मीटर प्रतिघंटा का हाइड्रोजन प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया तेज करती है प्लांट का कार्यादेश 7.25 करोड़ का दे दिया है ।
- रावतभाटा न्यूक्लियर प्लांट में स्वच्छ न्यूक्लियर एनर्जी का इस्तेमाल कर हाइड्रोजन का उत्पादन संयंत्र लगाया जाएगा ।
- सरकार ने इंडिया को ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाने का लक्ष्य रखा है ।
- सरकार 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना चाहती है ।

- रावतभाटा में लगने वाले हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र न्यूक्लियर क्षेत्र में लगने वाला पहला पायलट प्रोजेक्ट होगा ।
- रावतभाटा में 2023 तक प्लांट का कार्य पूरा कट उत्पादन शुरू कर दिया जाने की संभावना है ।
- जिले में एकमात्र मीटर गेज ट्रेक मारवाड़–मावली के बीच है। जो मारवाड़ – मेवाड़ को जोड़ता है।

## राजस्थान समसामयिकी – 11 मई 2023

### सवाई माधोपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- 13 मई 2023 को सवाई माधोपुर जिले में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा ।

### सत्येन्द्र सिंह यादव शौर्य पदक से सम्मानित

- नीमराना के पास मुंडावर उपखंड क्षेत्र के गांव भिखावास निवासी सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर तैनात सत्येन्द्र सिंह यादव को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने शौर्य पदक से सम्मान किया ।
- जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तैनात असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र सिंह को 28 जून को आतंकियों से मुठभेड़ हो गई थीं।
- मुठभेड़ में सत्येंद्र सिंह को 2 गोलियां भी लगीं। बावजूद इसके उन्होंने दो लश्कर के आतंकवादियों को मार गिराया था।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट आयोजन

- जयपुर में 14 से 16 जुलाई के बीच "राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट" आयोजन किया जाएगा ।
- प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने तथा पर्यटन अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से प्रस्तावित इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड ट्यूरिजम के बीच समझौता पत्र (एमओयू) हस्ताक्षरित हुआ है ।
- डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म रखा गया है।

## बीकानेर रेलवे स्टेशन को ईंट राइट स्टेशन का दर्जा

- मई 2023 में उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर रेलवे स्टेशन को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने ईंट राइट स्टेशन का दर्जा दिया गया।
- इससे पहले जयपुर, गांधीनगर, अलवर तथा अजमेर रेलवे स्टेशन को ईंट राइट स्टेशन का दर्जा दिया गया था ।

## बस ड्राइवर सियाराम चौधरी को राष्ट्रीय स्तर पर "हीरोज ऑन द रोड अवार्ड" से सम्मानित

- राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बस ड्राइवर सियाराम चौधरी को राष्ट्रीय स्तर पर "हीरोज ऑन द रोड अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- उन्हें यह पुरस्कार अपनी सेवा के दौरान पूर्ण रूप से दुर्घटना मुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रदान किया गया ।
- इस सम्मान के लिए देशभर से 42 ड्राइवर्स को चुना गया है।

## बिट्स पिलानी के विद्यार्थियों को नासा हुमन एक्सप्लोरेंस रोवर चैलेंज अवार्ड

- बिट्स पिलानी के विद्यार्थियों ने मंगल ग्रह के लिए विशेष रोवर तैयार किया है ।
- इसके लिए अमेरिका की नासा अंतरिक्ष कंपनी ने नासा ह्युमन एक्सप्लोरेंस रोवर चैलेंज अवार्ड प्रदान किया है।
- बिट्स पिलानी की टीम को एशिया में पहला और विश्व में 12वां स्थान मिला है।
- बिट्स पिलानी की टीम इंस्पायर्ड कार्टर्स ग्रेविटी ने प्रोजेक्ट रिव्यू अवार्ड में एशिया में पहला स्थान प्राप्त किया है।
- पुणे में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे राजस्थान एथलेटिक्स टीम के मेनेजर भीलवाड़ा के शारीरिक शिक्षक शंकर चन्देरिया थे।
- नोट– पुणे महाराष्ट्र में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलीट चैम्पियनशिप, 2023 में राजस्थान की शारीरिक शिक्षक सारिका यादव ने एथलेटिक्स (लॉग जम्प) में कांस्य पदक जीता।
- राजस्थान टीम के मेनेजर शंकर चंदेरिया थे ।

राजस्थान समसामयिकी – 12 मई 2023

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया राजस्थान में 5500 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास

- 10 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में 5500 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास नाथद्वारा, राजसमन्द में किया।

- पीएम नरेन्द्र मोदी ने राजसमन्द से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग–48 के 114 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले उदयपुर से शामलाजी खंड।
- राष्ट्रीय राजमार्ग–25 के बार–बिलाड़ा–जोधपुर खंड में 110 किलोमीटर लंबे चौड़ीकरण और चार लेन को मजबूत करना।
- राष्ट्रीय राजमार्ग–58ई की 47 किलोमीटर लंबी दो लेन की परियोजनाए शामिल हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी 2023 को भीलवाड़ा के मालासेरी डूंगरी भगवान देवनारायण जी की 1111 वी जयंती पर पहुंचे थे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 फरवरी 2023 को दौसा के धनवाड़ में देश के सबसे लंबे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का पहले खंड का उद्घाटन किया था।

## सिनेमा ऑन व्हील्स – राजस्थान शिक्षा विभाग की पहल

- राजस्थान में शिक्षा विभाग द्वारा सिनेमा ऑन व्हील्स एक अभिनव पहल की शुरुआत 2020 में शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा की गई।
- सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 2% राशि सिनेमा ऑन व्हील्स को उपलब्ध कराई जाती है।
- इस पहल के माध्यम से शिक्षा अभियान के तहत राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण परिवेश के छात्र–छात्राओं को सिनेमा के जरिए ज्ञान, विज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता और उच्च नैतिक मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है।
- यह गतिविधि कॉपोटेट सोशल टेस्पॉन्सबिलिटी (CSR) के रूप में प्रारंभ की गई रही है।

- अब तक प्रदेश के विद्यालयों में 1.09 लाख छात्र–छात्राओं को इससे लाभान्वित किया जा चुका है।

## स्वतंत्रता सेनानी नवल किशोर शर्मा की प्रतिमा का अनावरण

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 11 मई 2023 को जयपुर के घाट की गूणी में स्वतंत्रता सेनानी एवं गुजरात के पूर्व राज्यपाल पं. नवल किशोर शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया।
- पं. शर्मा ने राजस्थान स्वर्ण जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष के रूप में स्वाधीनता सेनानियों के इतिहास लेखन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।
- 2004 से 2009 गुजरात के राज्यपाल रहे।

## 102 मोबाइल वेटेनरी सेवा शुरू

- राज्य में अब 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर जल्द ही 102 मोबाइल वेटेनरी सेवा शुरू होगी।
- इसके तहत पशुपालकों को उनके पशुओं का इलाज समय पर उनके घर पर ही मिल सकेगा।

राजस्थान समसामयिकी – 13 मई 2023

## ब्रिटिश संसद में 6 राजस्थानी खिलाड़ियो को किया सम्मानित

- राजस्थान के छह रत्न को विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट के मेम्बर डायनिंग हॉल में भारत गौरव से अलंकरण किया।
- लंदन में इनका यह सम्मान जयपुर की संस्कृति युवा संस्था की ओर से किया गया ।

## राजस्थान की 6 हस्तियां–

- **नरेशपुरी महाराज** – मेहंदीपुर बालाजी के महत

- **अमित लाठ** – मूलतः भीलवाड़ा के रहने वाले और फिलहाल पोलैंड में रहने वाले का यूक्रेन में फंसे भारतीयों को देश वापस लाने में सबसे बड़ा योगदान है।
- यह शारदा ग्रुप ऑफ कम्पनीज में मेनेजिंग पार्टनर है।
- **डॉक्टर संदीप जैन** – फाउंडर एन्डॉमिनल केसर डे सर्जन
- **गजराज सिंह राठौड़, सत्यम आहूजा, श्याम सुन्दर** बजाज स्टार पेसिफिक कंपनीज लंदन के मालिक।

## रविंद्र बिश्नोई ने तीन आविष्कारो का पेटेंट करवाया अपने नाम

- जैसलमेर के रविंद्र ने 21 साल की उम्र में तीन आविष्कार का पेटेंट अपने नाम करवा कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

- अटल इनोवेशन मिशन के तहत नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर दिल्ली के प्रगति मैदान में कार्यशाला में स्कूल टू स्टार्टअप के तहत रविंद्र ने हॉर्न जेमट आविष्कार के मॉडल को रिप्रजेंट किया।
- इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके आविष्कार की सराहना की।
- रविंद्र ने सबसे पहले कार्ड से ऑक्सीजन प्राप्त करने संबंधी एक मशीन बनाई। इसके बाद हॉन जैमर बनाया। इस यंत्र से उस रेडिएशन में आने वाले सभी वाहनों के हॉर्न बंद हो जाते हैं।
- रविंद्र ने मोटरसाइकिल स्टैंड से होने वाली दुर्घटनाओं को टोकने के लिए एक यंत्र बनाया है।

## इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा उदयपुर रेलवे स्टेशन

- राजस्थान का उदयपुर रेलवे स्टेशन इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा।
- इस प्रोजेक्ट में 354 करोड़ रुपए खर्च मंत्रालय ने स्टेशन डिजाइन तैयार किया है।
- इसका टाइटल स्मार्ट आउटलुक फोर द स्मार्ट सिटी ऑफ लेक है।
- स्टेशन को डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल पर तैयार किया जाएगा।

### राजस्थान समसामयिकी – 14 मई 2023

## धौलपुर से संचालित होने वाली 113 वर्ष पुरानी नैरोगेज ट्रेन का संचालन बंद

- आगरा रेल मंडल के अंतर्गत धौलपुर रेलवे जंक्शन से संचालित होने वाली 113 वर्ष पुरानी नैरोगेज ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है
- इस ट्रेन को 31 मार्च 2023 को अंतिम बार हरी झंडी दिखाई गई थी।

- क्योंकि रेलवे ने नैरोगेज से ब्रॉडगेज आमान परिवर्तन के चलते धौलपुर सरमथुरा और मोहा, तांतपुर खंड के सभी सेवाएं 1 अप्रैल 2023 से बंद करने का निर्णय किया है।
- नोट– इस ट्रेन की शुरुआत महाराजा धौलपुर द्वारा 1908 में की गई थी।

## डूंगर सिंह को मारवाड़ रत्न सम्मान

- भूंगरा गैस त्रासदी में दूसरों की जिंदगी बचाते हुए जान गवाने वाले सुरेंद्र सिंह के पिता डूंगर सिंह को मारवाड़ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।
- भूंगरा गैस त्रासदी 8 दिसंबर को शादी के दौरान गैस धमाके में 55 लोग झुलस गए थे इसमें से 35 लोगों कि मृत्यु हो गई थी।

## महिला कबड्डी लीग के ऑक्शन में शर्मिला सबसे महंगी खिलाड़ी

- दुबई में 16 जून से होने वाले टूर्नामेंट के लिए जयपुर में महिला कबड्डी लीग के ऑक्शन हुए।
- ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी झुंझुनू की 19 वर्षीय शर्मिला मान रही।
- शर्मिला मान को हरियाणा हसलर्स ने 33 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

## जोधपुर में तैयार हो रहा मानव निर्मित वन

- माचिया बायोलॉजिकल पार्क के पास बनाया जा रहा है रिवाइंडिंग एंक्लोजर (मानव निर्मित वन)।
- इसमें माचिया में बढ़े वन्य जीव शिफ्ट किए जाएंगे।

- वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास अनुभव करवाने एवं स्वाभाविक प्रवृत्ति लाने के लिए वन विभाग ने 41 हेक्टेयर में रिवाइंडिंग एंक्लोजर तैयार किया है।

## राजस्थान समसामयिकी – 15 मई 2023

### कृष्ण पाल यादव राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

- मुंडावर के दिल्ली पुलिस में सहायक पुलिस महानिरीक्षक कृष्ण पाल यादव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया है।
- यादव को राष्ट्रपति पदक देने की घोषणा 21 जनवरी 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति टामनाथ कोविंद ने की थी।
- दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें राष्ट्रपति मैडल से सम्मानित किया।
- यादव मुंडावर के हुलमाना खुर्द के रहने वाले हैं।
- यादव फिलहाल एसपीजी में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात हैं।

### जयपुर और चित्तौड़गढ़ में सेटेलाइट चिकित्सालय

- जयपुर के करबला क्षेत्र (हवामहल) और चित्तौड़गढ़ में सेटेलाइट चिकित्सालय खोले जाएंगे।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह चिकित्सालय खोले जाने की स्वीकृति दी है।

## मेड़ता सिटी में स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नागौर के मेड़ता सिटी में स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण किया।

## राजस्थान के 36 स्टे शनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट

- राजस्थान के 36 स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद बिक्री केन्द्र रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के 'वोकल फॉट लोकल विजन को बढ़ावा देने के लिए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएसओपी) योजना शुरू की है।
- पायलट योजना मार्च को शुरू की गई थी
- मई 2023 में पूरे देश के 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 785 ओएसओपी केन्द्रों के साथ 728 स्टेशनों को शामिल किया गया है।
- राजस्थान के कुल 36 स्टेशन पर ये केंद्र स्थापित किए गए है।
- जिन पर लकड़ी के हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने, संगमरमर पत्थर की वस्तु, बहुरंगी कपड़ा और हस्तशिल्प उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध है।

## एशियन गेम्स, वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्यामसुंदर व धन्नाराम का चयन

- यूरोप के चेक गणराज्य में 13 से 21 मई तक आयोजित होने वाली पैरा एशियन गेम्स, वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए बीकानेर के श्यामसुंदर स्वामी व धन्नाराम गोदारा का चयन भारतीय टीम में किया गया है।
- भारतीय टीम के कोच बीकानेर के ही अनिल जोशी होंगे।
- श्यामसुंदर स्वामी कम्पाउन्ड कैटेगरी में तथा धन्नाराम गोदारा रिकर्व कैटेगरी में हिस्सा लेंगे।

## प्रदेश के चार जिलों के चिकित्सालयों में ब्लड बैंक

- राज्य सरकार प्रदेश के चार जिलों के चिकित्सालयों में ब्लड बैंक खोलेगी।
- चित्तौड़गढ़ बेंगू, हनुमानगढ़ के नोहर, नागौर के जायल स्थित उप जिला चिकित्सालय और झुंझनूं के नवलगढ़ स्थित जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना होगी।

राजस्थान समसामयिकी – 16 मई 2023

## कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजनों की पेंशन राशि में वृद्धि

- राज्य सरकार ने कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजनों को मिलने वाली पेंशन राशि में वृद्धि की है। अब उन्हें प्रतिमाह 2,500 रुपये पेंशन राशि मिलेगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।
- वर्तमान में प्रदेश में 16,810 कुष्ठ रोग मुक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशनर हैं।
- जिन्हें 1,500 रुपये प्रतिमाह पेंशन राशि दी जा रही है।
- जिसे बढ़ाकर अब 2,500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।
- बढ़ी हुई पेंशन राशि 1 मई से देय है यह राशि 1 जून से मिलेगी।
- राजस्थान डोमेस्टिक टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव के प्रथम संस्करण का आयोजन
- केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा जयपुर में राजस्थान डोमेस्टिक टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव के प्रथम संस्करण का आयोजन हुआ।

- कॉन्क्लेव के दौरान प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड समारोह का भी आयोजित किया गया

**जिसमें निम्न हस्तियों को लाइफटाइम अवार्ड प्रदान किए गए–**

1. कला रत्न नृत्य सृजन पुरस्कार– पद्मश्री गुलाबो सपेरा
2. कलारत्न शिल्प सृजन पुरस्कार – हनीफ उस्ता
3. पर्यटन रत्न उत्कृष्ट नेतृत्व पुरस्कार – भीम सिंह

## आईआईटी जोधपुर में आयुर्टेक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

- आईआईटी जोधपुर में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुर्टेक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया गया।
- आयुटैंक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस(सीओई), आईआईटी के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल
- इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस में स्थापित किया गया है।
- इस केंद्र को स्थापित करने का उद्देश्य लोगों को बीमारी के उपचार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा एक्जेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध करवाना है।
- इसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और बहु– ओमिक्स प्रौद्योगिकियों का एक साथ उपयोग करते हुए मध्य आधारित आयुर्वेद से समाधानों को खोजने पर कार्य किया जाएगा।

## राजसमंद के जिला अस्पताल को ईको फ्रेंडली श्रेणी में राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार

- राजसमंद के आरके जिला अस्पताल को ईको फ्रेंडली श्रेणी में राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

- राज्य सरकार कायाकल्प पुरस्कारों के तहत झुंझुनूं के राजकीय वीडीके अस्पताल ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिलने वाला कायाकल्प अवॉर्ड हासिल किया है।
- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता और साफ–सफाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 15 मई, 2015 को एक राष्ट्रीय पहल कायाकल्प शुरू की थी।
- कायाकल्प अवॉर्ड के लिए 8 पैमाने तय किए गए हैं।
- इन 8 पैमानों में अस्पताल का इंफ्रास्ट्रक्चर, साफ सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण, इंफेक्शन कंट्रोल, मटीजों के लिए अन्य सुविधाएं, हाइजीन प्रमोशन जिसमें स्टाफ की ट्रेनिंग भी शामिल है।

## प्रसिद्ध ट्रैवल मैग्जीन लेज़र की 10 बेस्ट लोकेशन की सूची में उदयपुर का चौथा स्थान

- प्रसिद्ध ट्रैवल मैग्जीन लेज़र द्वारा जारी भारत के 10 बेस्ट लोकेशन की सूची में राजस्थान के उदयपुर शहर को चौथा स्थान दिया गया है।
- उदयपुर ने पांचवीं बार इंटरनेशनल ट्रैवल पोर्टल में अपना नाम दर्ज कराया है।
- 4 अप्रैल को ट्रैवल पोर्टल ट्रायंगल ने मई में राजस्थान में शहर करने के लिए 7 डेस्टिनेशन के नाम से जारी किए थे इनमें उदयपुर से फतेहसागर और पिछोला झील को दूसरे व तीसरे नंबर पर रखा गया था।
- 20 अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने साल 2023 में घूमने के लिए दुनिया भर के 23 बेस्ट लोकेशन में उदयपुर को को चुना था।
- 24 अप्रैल ट्रैवल पोर्टल द प्लेनेट ने दुनिया के 17 रोमांटिक शहरों में उदयपुर को चौथा स्थान दिया था।

- 27 अप्रैल फॉर्म्स एडवाइजर ने अप्रैल में भारत में घूमने के लिए 8 बेहतरीन जगह में उदयपुर को दूसरा स्थान दिया था ।
- जून 2022 में ट्रैवल ट्राएंगल ने बेस्ट सोलो फीमेल डेस्टिनेशन के रूप में देश के 16 सबसे सुरक्षित शहरों में उदयपुर को तीसरा स्थान दिया था।

## डॉ अजय देवीलाल सामर पुरस्कार से सम्मानित

- जयपुर के लेखक डॉ अजय अनुरागी को नाटक कृति" राग नंबर" के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा वर्ष 2022–23 का देवीलाल सामर पुरस्कार दिया जाएगा।

## विनीता शेखावत को फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड

- अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर "श्रेष्ठतम नर्सिंग ऑफिसर" के रूप में राज्य स्तर पर आयोजित प्रोग्राम में विनीता शेखावत को "फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

राजस्थान समसामयिकी – 17 मई 2023

## राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को द गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप

- राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को जयपुर में बनाए सिटी पार्क और कोचिंग हब को लेकर दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिले है।
- मलेशिया में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को वर्ल्ड एचआरडी काउंसिल के निर्णायक मंडल ने बेस्ट एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स और बेस्ट इनोवेटिव प्रोजक्ट ऑफ

द ईयर के लिए "द गोल्डन ग्लोब अवार्डर्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप से सम्मानित किया।

**राज्य आवासन मंडल से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य**

- राज्य आवासन मंडल की स्थापना – फरवरी 1970 में हुई।
- राजस्थान आवासन मंडल के वर्तमान चेयरमैन पवन अरोड़ा।
- पिछले चार सालों में मण्डल को कुल 17 अवार्ड मिल चुके हैं।
- इनमें मकान बेचने में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड–2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और स्टार ऑफ गवर्नेस गोल्ड अवार्ड और नरेडको द्वारा दिए "रियल एस्टेट कॉन्क्लेव जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

## राजस्थान मानविकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना

- वर्ष 2023–24 में फ्रांस के सहयोग से राज्य के 13 जिलों में 21,693 करोड़ की राजस्थान मानविकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना शुरू की जाएगी।
- राज्य सरकार और फ्रांस डवलपमेंट एजेन्सी के मध्य समझौता हुआ है।
- इसमें फ्रांस डवलपमेंट एजेन्सी 70% तथा राज्य सरकार द्वारा 30% वहन किया जाएगा।

**परियोजना में सम्मिलित जिले**

- भरतपुर, टोंक, कोटा, अलवर, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झालावाड़,करौली, सवाई माधोपुर।

## मिलेट्स महोत्सव

- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा राजस्थान में मिलेट्स महोत्सव का आयोजन काजरी संस्थान जोधपुर में 20–21 अप्रैल 2023 को किया गया।
- महोत्सव में मोटे अनाज से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव–

- अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के तहत राज्य में 13 और 14 मार्च 2023 को राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया आयोजन जयपुर स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा में हुआ।
- राजस्थान में मिलेटस कॉन्क्लेव में राजकिसान सुविधा ऐप लॉन्च किया गया था।
- वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में बनाया जा रहा है।

राजस्थान समसामयिकी – 18 मई 2023

## जोधपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बावड़ी को नेशनल वाटर अवार्ड

- जोधपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, बावड़ी को जल के लिए नेशनल वाटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- यह स्कूल देशभर में तीसरे स्थान पर रही। इसके लिए प्रदेश की 6 हजार स्कूलों ने भागीदारी निभाई थी, जिसमें से एकमात्र बावडी स्कूल ही चयनित हुई।
- केंद्रीय जल शक्ति जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की ओर से स्कूल को एक लाख रुपए और प्रिंसिपल डॉ. शीला आसोपा को बेस्ट इनोवेशन का सर्टिफिकेट दिया गया है।

## सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 बिट्स पिलानी 37वीं रैंक

- सेंटर फॉर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने साल 2023 रैंकिंग में टॉप–2000 संस्थानों में भारत के 64 संस्थान भी शामिल हैं।
- बिट्स पिलानी वैश्विक स्तर पर 1429 एवं राष्ट्रीय स्तर पर 37 रैंक के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है।
- राजस्थान यूनिवर्सिटी वैश्विक स्तर पर 1899 एवं राष्ट्रीय स्तर पर 58 रैंक के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।
- आईआईएम अहमदाबाद 419वीं ग्लोबल रैंक के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- आईआईएस बेंगलुरू 494 रैंक दूसरे तथा आईआईटी बॉम्बे की रैंक 554 के साथ तीसरे स्थान पर है।

## ऑल इंडिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में अमित जांगिड़ ने जीता कांस्य पदक

- गुवाहाटी में आयोजित ऑल इंडिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के अमित जांगिड़ ने कांस्य पदक जीता है।
- अमित शर्मा – भरतपुर के अमित शर्मा ने जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- हर्ष चौधरी – विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

## मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता तथा संप्रेषण कौशल विकास योजना

- मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता तथा संप्रेषण कौशल विकास योजना का शुभारंभ अल्पसंख्यक मामलात मंत्री सालेह मोहम्मद द्वारा 20 मार्च 2023 को किया गया।

- पात्रता लाभार्थी की आयु 18–35 वर्ष परिवार की वार्षिक आय 80लाख तक या अथवा इससे कम होनी चाहिए।
- उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, अरबी, स्पेनिश, फारसी और अन्य विदेशी भाषाओं का अध्ययन, बोलना और संप्रेषण कौशल विकसित कर रोजगार प्राप्ति में सहयोग करना है।

## उदयपुर की रति सक्सेना को मीरा पुरस्कार

- राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर का पुरस्कार–सम्मान समारोह– 2022–23 जयपुर में 19 मई को होगा ।
- मीरा पुरस्कार से जयपुर की साहित्यकार रति सक्सेना को नवाजा जाएगा, जिन्हें 75 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।
- साहित्यकार रति सक्सेना का जन्म 8 जनवरी 1983 में उदयपुर में हुआ था।

## राजस्थान साहित्य अकादमी 2022–23 के लिए दिए जाने वाले अन्य पुरस्कार

- भरतचंद्र शर्मा को – रांगेय राघव पुरस्कार
- मायामृग को – सुधींद्र पुरस्कार
- अजय अनुरागी को – देवीलाल सामर पुरस्कार राजाराम भादू को – देवराज उपाध्याय पुरस्कार यश गोयल को – कन्हैयालाल सहल पुरस्कार कुसुम अग्रवाल को – शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार तराना परवीन को – सुमनेश जोशी पुरस्कार
- 23 साहित्यकारों को 51–51 हजार रुपए नकद विशिष्ट साहित्यकार सम्मान प्रदान किया जाएगा।
- अकादमी अध्यक्ष दुलाराम सहारण है।

राजस्थान समसामयिकी – 19 मई 2023

## बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल को केंद्रीय कानून मंत्री बनाया

- बीकानेर के लोकप्रिय सांसद व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल को केंद्रीय कानून मंत्री बनाया गया है।
- इससे पहले कानून मंत्री किरण रिज्जू थे।
- राजस्थान के चार सांसद केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल है

1. भूपेंद्र यादव केविनेट मंत्री – राजस्थान से राज्यसभा सांसद

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन, श्रम व रोजगार मंत्रालय

2. अश्वनी वैष्णव–रेल मंत्री –ओडिशा से राज्यसभा सांसद

3. गजेंद्र सिंह शेखावत– जल शक्ति संसाधन मंत्री

– जोधपुर से लोकसभा सांसद

4. अर्जुन राम मेघवाल– कानून मंत्री, संसदीय मामले राज्य मंत्री – बीकानेर से लोकसभा सांसद

5. कैलाश चौधरी– कृषि मंत्री राज्यमंत्री – जैसलमेर, बाड़मेर से लोकसभा सांसद

## बीकानेर में संभाग मुख्यालय में हज हाउस कल्चर सेंटर का शिलान्यास

- बीकानेर में संभाग मुख्यालय पर बनने वाले हज हाउस कल्चर सेंटर का शिलान्यास कला व संस्कृति तथा शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने किया।

- राज्य सरकार की पहल पर प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर ऐसे सभी संभाग मुख्यालयों पर एक जैसे हज हाउस बनाए जाएंगे।
- वक्फ बोर्ड अध्यक्ष खानू खान बुधवाली है।

## जयपुर के हिस्टोरियन एस. खंगारोत को ऑर्ड डेस पाल्म्स' अकेडेमिक्स अवॉर्ड

- जयपुर के हिस्टोरियन व पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर आर. एस. खंगारोत को फ्रेंच एंबेसी फ्रांस का सर्वोच्च सिविलियन अवॉर्ड ऑर्ड डेस पाल्म्स' अकेडेमिक्स देगी।
- 1808 में फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट ने यह अवॉर्ड शुरू किया था।
- शुरूआती दौर में यह सम्मान केवल पेरिस यूनिवर्सिटी में शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में बड़ा काम करने वाले स्कॉलर्स को ही देते थे।
- 1955 के राष्ट्रपति रीन कोटी ने दुनियाभर में शिक्षा के क्षेत्र योगदान देने वालों को देना शुरू किया।
- खंगारोत जयगढ़ः द इंविसिबल फोर्ट ऑफ आमेर, आमेर जयपुरः ए ड्रीम इन द डेजर्ट,सवाई मानसिंह द्वितीय की जीवनी पर किताब लिख चुके हैं।

## साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए टाई राजस्थान और राजस्थान पुलिस के बीच एमओयू

- राजस्थान में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए टाई राजस्थान और राजस्थान पुलिस के बीच एमओयू किया गया है।
- इस पर टाई के प्रेसिडेंट डॉ शीनू झंवर और आईजी शरत कविराज ने हस्ताक्षर किए।
- समझौते के तहत एक टेक्निकल कोर ग्रुप की स्थापना की जा रही है।

- इसमें पुलिस के विशेषज्ञ अधिकारी और टाई के साइबर विशेषज्ञ शामिल होंगे।
- टाई राजस्थान ने इसके लिए अलग से टास्क फोर्स का गठन किया है।
- राजस्थान सरकार प्रदेश में खेलों का वातावरण बनाने तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर अहम निर्णय ले रही है।

## राजस्थान के सभी संभागों में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्टस स्कूल घोषित

- इसी कड़ी में राज्य के सभी संभागों में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्टस स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में एक प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।
- स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, प्रदेश के बीकानेर, कोटा, अजमेर, उदयपुर एवं भरतपुर संभाग में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्टस स्कूल खोले जाएंगे।
- इन आवासीय स्पोट्र्स स्कूलों की स्थापना पर कुल 69.2 करोड़ रुपये खर्च होंगे ।
- मुख्यमंत्री ने राज्य बजट वर्ष 2023–24 में प्रत्येक संभाग में स्पोर्टस स्कूल खोलने की घोषणा की थी।
- जयपुर एवं जोधपुर संभाग में आवासीय खेल स्कूल के लिए पूर्व में ही मंजूरी दी जा चुकी है ।

राजस्थान समसामयिकी – 20 मई 2023

## विनीत कुमार शर्मा राजीव गांधी समता रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित

- अंतरराष्ट्रीय समता मंच और समरसता इंटरनेशनल कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का आयोजन होगा।

- सम्मेलन में एक सांस्कृतिक शिष्टमंडल इंडो–नेपाल समता सोशल मिशन यात्रा का शुभारम्भ भी किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम में सैंपऊ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा को 21 मई को राजीव गांधी समता रत्न अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

## भंवरसिंह ने माउंट लोबुचे पीक की चोटी फतह कर तिरंगा फहराया

- पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर में रातानाडा थाने के एसआई भंवरसिंह ने 6119 मीटर ऊंचाई वाली माउंट लोबुचे पीक की चोटी फतह कर तिरंगा व राजस्थान पुलिस का ध्वज लहराया।
- माउंट लोबुचे पीक टेक्निकल व चैलेंजिंग माउंटेन श्रेणी में आता है।
- लोबुचे एक नेपाली पर्वत शिखर है ।

## राजस्थान सरकार और आहूस, डेनमार्क के बीच पेयजल व्यवस्था के लिए समझौता

- राजस्थान सरकार और आहूस, डेनमार्क के बीच प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए समझौता हुआ।
- प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जल स्रोतों के विकास, पेयजल वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, पेयजल छीजत कम करने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ।

## कालीतीर परियोजना 25 मई 2023 से शुरू

- धौलपुर जिले के किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाने वाली महत्वाकांक्षी कालीतीर परियोजना का काम 25 मई 2023 से शुरू होगा।

- इससे बाड़ी बसेड़ी धौलपुर और राजाखेड़ा क्षेत्र के लाखों किसान लाभांवित होंगे।
- इसके तहत धौलपुर जिले की सरमथुरा तहसील के निकट काली तीर इलाके में चम्बल नदी से पानी लिफ्ट कर पार्वती बांध एवं रामसागर बांध को वर्षा काल में भरा जाना प्रस्तावित है।

## राजस्थान समसामयिकी – 21 मई 2023

### राजस्थान के सभी जिलों में दो–दो लव कुश वाटिकाएं

- प्रदेश के सभी जिलों में दो–दो लव कुश वाटिकाएं विकसित की जाएंगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने वाटिकाओं के लिए 66 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।
- इससे राज्य में इको–टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा
- इनका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करना है।
- मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने राज्य बजट 2023–24 में सभी जिलों में एक–एक अतिरिक्त वाटिका विकसित करने की घोषणा की थी।

### जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर बनेंगे थ्री डी सिटी

- राज्य सरकार द्वारा शहरों के विकास की बेहतर प्लानिंग एवं प्रबंधन के लिए प्रदेश के जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर शहरों के जियोग्राफिक इनफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) आधारित थ्री डी सिटी मॉडल विकसित किए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन चार शहरों में जीआईएस आधारित थ्री डी सिटी और राजधरा मसेटेलाइट इमेज रिपोजिटरी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 109.75 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

- राजधरा प्लेटफॉर्म पर राजस्थान की विभिन्न समयावधि की सेटेलाइट इमेजरी की रिपोजिटरी भी स्थापित की जाएगी।
- स्वीकृत इस प्रस्ताव से शहरों के मास्टर प्लान में लैंड यूज प्रस्तावित करना, नई सड़कों फ्लाईओवर, नई कॉलोनियों के निर्माण और विस्तार, इमेज प्लान सहित विभिन्न कार्यों की धरातल पर उतारने और विकास की योजना बनाने में आसानी होगी।

## बांझआमली (बारां) राजस्थान का 27वाँ कंजर्वेशन रिजर्व घोषित

- बारां जिले के किशनगंज क्षेत्र स्थित बांझआमली के 146.21 वर्ग किमी को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया है।
- बांझआमली राज्य का 27वाँ एवं बारां जिले का 5वां कंजर्वेशन रिजर्व है।

## राजस्थान समसामयिकी – 22 मई 2023

## जयपुर के व्यंग्यकार यश गोयल को "कन्हैयालाल सहल पुरस्कार" 2022-23

- राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा कन्हैयालाल सहल पुरस्कार 2022-23 जयपुर के व्यंग्यकार यश गोयल को कृति 'नामुमकिन नेता के लिए दिया।
- सुमनेश जोशी पुरस्कार उदयपुर निवासी कथाकार तराना परवीन को कहानी संग्रह 'एक सौ आठ के लिए दिया।

**राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक पुरस्कार घोषित किए गए-**

- मीरा पुरस्कार जयपुर की रति सक्सेना को कविता पुस्तक "हंसी एक प्रार्थना"
- जनार्दन राय नागर सम्मान अजमेर निवासी डॉ चंद्रप्रकाश देव

- रांगिय राघव पुरस्कार बांसवाड़ा के भरत चंद्र शर्मा को उपन्यास "पीर परवत सी" के लिए
- सुधींद्र पुरस्कार जयपुर के कवि मायामृग को कविता संग्रह "मुझमें मीठा तू हे" के लिए
- देवीलाल सामर पुरस्कार जयपुर के अजय अनुरागी को नाट्य कृति "राग नंबर" के लिए
- देवराज उपाध्याय पुरस्कार भरतपुर मूल के राजाराम भादू को आलोचना कृति कविता के "आयाम" के लिए

## लालचंद कटारिया ने किया राज मत्स्य योजना पोर्टल का लोकार्पण

- राजस्थान के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री लालचंद कटारिया ने पंत भवन में राज मत्स्य योजना पोर्टल का ऑनलाइन लोकार्पण किया।
- अब राज्य में मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं के लिये आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी।

## राजस्थान रायल्स व फिनो पेमेंट्स बैंक के बीच एमओयू

- फीनो पेमेंट्स बैंक ने 16वें आईपीएल सीजन के लिए राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने संबंध को नवीनीकृत किया है।
- फीनो बैंक आधिकारिक रूप से राजस्थान टॉयल्स का डिजिटल बैंकिंग साथी होगा।
- राजस्थान रायल्स ने डिजिटल बैंकिंग साथी के रूप में फिनो पेमेंट्स बैंक के साथ समझौता किया है।

- इस साल, फिनो बैंक प्रीमियर स्टेज पर राजस्थान रॉयल्स के साथ सहयोग नहीं कर रहा है, बल्कि क्रिकेट का टिकट नामक एक घासरूप स्तर की प्रतिभा खोज को संभाल रहा है।
- इस पहल का उद्देश्य देश भर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान और पोषण करके भारत के अगले क्रिकेट सुपरस्टार का खोज करना है।
- नोट
- फिनो पेमेंट्स बैंक एक नई आयु का बैंक है जो 2017 में भारत में लॉन्च किया गया था।
- यह भारत में भुगतान और बैंकिंग समाधान प्रदाता की अग्रणी कंपनी फिनो पेटेक लिमिटेड की एक उपस्थिति है।
- फिनो पेमेंट्स बैंक का मुख्यालय मुंबई में है।

## हाई एनर्जी एल–1 ओबिटिंग एक्सरे स्पेक्टरोमीटर – हीलियोस को आदित्य एल–वन उपग्रह में किया समेकित

- उदयपुर में राजस्थान सोर वेधशाला में विकसित हाई एनर्जी एल–1 ओविंटिंग एक्सरे स्पेक्टोमीटर– हीलियोस को आदित्य एल–वन उपग्रह में समेकित किया गया है।
- हीलियोस नई पीढ़ी का स्पेक्ट्रोमीटर है जो सूर्य के कोरोना में गतिशील घटनाओं का अवलोकन करेगा।

राजस्थान समसामयिकी – 23 मई 2023

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर झुंझुनूं के बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व में जंगल सफारी शुरू

- अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (22 मई) के अवसर पर झुंझुनूं के बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व में पर्यटकों के लिए जंगल सफारी शुरू की गई है।
- परिवहन एवं सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री बृजेन्द्र ओला ने जंगल सफारी का शुभारम्भ किया।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर उदयपुर सर्किट हाउस से वीडियो कॉग्रेस के माध्यम से जयसमन्द अभयारण्य में जंगल सफारी का उद्घाटन किया।

## जोधपुर में राजस्थान कारपोरेट सुरक्षा और कौशल विकास कॉन्क्लेव का आयोजन

- सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री की 20 मई 2023 को जोधपुर के ट्रेडिसन होटल में राजस्थान कारपोरेट सुरक्षा और कौशल विकास कॉन्क्लेव आयोजित हुई।
- सम्मेलन का उद्देश्य राजस्थान में कॉर्पोरेट सुरक्षा और कोशल निर्माण के नवीनतम विकास पर चर्चा करने के लिए सुरक्षा पेशेवर, उद्योग विशेषज्ञ और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है।
- आयोजनकर्ता– सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (काप्सी)

## अशोक गहलोत द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत महाराणा प्रताप की 483वीं जयंती पर 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड बनाने की घोषणा की।
- यह बोर्ड प्रताप के शौर्य के बारे में युवा पीढ़ी को जागरूक करेगा।
- बोर्ड पाठ्यक्रम सामग्री, धरोहर संरक्षण, नवनिर्माण, विभिन्न भाषाओं में शोध कार्य, प्रकाशन का प्रचार– प्रसार, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, व्याख्यान, कवि सम्मेलन आदि कार्यों के लिए योजना तैयार करेगा।
- चावण्ड में 4 करोड़ रुपए की लागत से महाराणा प्रताप पेनोरमा बनाने की घोषणा की जा चुकी है ।

## राजस्थानी फिल्मों के अभिनेता राज जांगिड राज्य स्तर पर सम्मानित

- राजस्थानी फिल्मों के अभिनेता राज जांगिड को कला और राजस्थानी फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

- भीलवाड़ा जिले गुलाबपुरा के निवासी राज जांगिड पिछले चालीस सालों से फिल्म इण्डस्ट्रीज में काम कर रहे है और दर्जनों हिन्दी व राजस्थानी फिल्मों एवं धाटावाहिकों में अभिनय किया है।
- राज जांगिड राजस्थान के पहले ऐसे अभिनेता है जिनको फिल्म "ताण्डव" के लिए बेस्ट खलनायक व फिल्म माँ के लिए बैस्ट नायक व बाबूल थारी लाड़ली के लिए

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड प्राप्त किया और जांगिड ने राजस्थान में पहली सिनेमास्कोप फिल्म बनाने की उपलब्धि भी हासिल की।

## राजस्थान समसामयिकी – 24 मई 2023

### बीकानेर – रेट्रोफिटिंग, सिंगल पिट टू ट्विन पिटू अभियान मे 'प्रथम स्थान' पर

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत रेट्रोफिटिंग, सिंगल पिट टू हिन पिंटू अभियान से प्रथम स्थान बीकानेर को मिला है।
- Retrofit to twin pit अभियान में सराहनीय कार्य करने पर समारोह में बीकानेर को प्रथम, सवाई माधोपुर को द्वितीय व जैसलमेर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- मॉडल विलेज श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने पर उदयपुर को प्रथम श्री गंगानगर को द्वितीय व सिरोही जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण – 2023 में स्टार कैटेगरी की श्रेणी में मिटोही जिले को प्रथम पाली को द्वितीय व उदयपुर की तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में ओ.डी.एफ. प्लम श्रेणी में 01 अक्टूबर, 2022 से 30 अप्रैल, 2023 तक अधिक प्रगति प्राप्त करने वाले जिले में उदयपुर प्रथम, जयपुर द्वितीय व भरतपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### राजस्थान के 17 चिकित्सा संस्थानों को भारत सरकार से मिला क्वालिटी सर्टिफिकेट

- राजस्थान के 17 चिकित्सा संस्थानो को बेहतर सेवाओं एवं प्रबंधन के लिए भारत सरकार के एनक्यूएएस प्रोग्राम के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है।

- इनमें 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) और 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य जयपुर की बनीपार्क यूपीएचसी को दूसरी बार प्रमाण पत्र दिया गया है।
- इन चयनित पीएचसी को 3 साल तक प्रतिवर्ष 3 लाख रुपये और यूपीएचसी को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## इंडिया ओपन शूटिंग में जयपुर की शिखा चौधरी ने जीता सिल्वर मेडल

- इंडिया ओपन शूटिंग में जयपुर की शिखा चौधरी ने सिल्वर मेडल जीता।
- 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ विमन में शिखा ने 600 में से 548 अंक हासिल किए।
- दिल्ली की नयानिका राणा ने गोल्ड व रिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- शिखा के पिता सुनील चौधरी ने भी प्रतियोगिता में सिल्वर पर निशाना लगाया।
- 10 मीटर एयर पिस्टल मास्टर्स इंडिविजुअल में उन्होंने 600 में से 548 अंक अर्जित किए और वे तालिका में दूसरे पायदान पर रहे। उन्होंने सिल्वर मेडल जीता।

## राजमाता गायत्री देवी पुरस्कार 2023

- राजमाता गायत्री देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने राजमाता गायत्री देवी पुरस्कार 2023 दो संस्थाओं को दिया जाएगा।
- जयपुर की शिल्प सृजन संस्था और दोसा के सबका घर आश्रम को इसके लिए चयनित किया है।
- यह पुरस्कार ऐसे विभिन्न व्यक्तियों, गैर–सरकारी संगठनों और समूहों के काम को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है

- जो समाज की बेहतरीन और विभिन्न संसाधनों से वंचित लोगों के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख रु. पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी ।

## रामस्वरूप किसान को विशिष्ट साहित्य सम्मान 2023

- राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से विशिष्ट साहित्य सम्मान 2023 हनुमानगढ़ के लेखक रामस्वरूप किसान को प्रदान किया गया ।
- 2020 का राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार वारिक बात के लिए प्रदान किया गया ।

राजस्थान समसामयिकी – 25 मई 2023

## साइबर अपराधों में राजस्थान का भरतपुर देश में नंबर एक पर

- साइबर अपराधों में राजस्थान का भरतपुर जिला देश में नंबर एक पर आ गया है।
- देश में होने वाले साइबर अपराधों के 16 प्रतिशत मामले अकेले भरतपुर से आ रहे है।
- भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने गत तीन वर्ष का अपराधों के डेटा को एकत्र कर साइबर अपराध के शीर्ष 10 स्थानों की सूची जारी की।
- गृह मंत्रालय की ओर से जारी साइबर अपराधों की रिपोर्ट में देश में पंजीकृत कुल साइबर अपराधों में से 54.1 प्रतिशत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हो रहे हैं।
- इसके बाद मथुरा से 14 प्रतिशत, नूंह से 12 प्रतिशत और गुरुग्राम व अलवर में 12 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

- Note– प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा पुलिस मुख्यालय स्तर पर साइबर क्राइम यूनिट की स्थापना की गई है।
- नोट नीचे दी गई खबर भूल वंश रह जाने के कारण आज अपडेट कर रहे हैं।

## 18वें अंतरराष्ट्रीय युथ फेस्टिवल घूमर 2022-23

फोटो साथ में भेजी हैं

- 18वें अंतरराष्ट्रीय युथ फेस्टिवल घूमर 2022–23 का आयोजन 5–6 अप्रैल 2023 को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में किया गया।

## कृषि विश्वविद्यालय ने खुडियाला गांव को स्मार्ट बनाने के लिए गोद लिया

- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा खुडियाला गांव जोधपुर को स्मार्ट बनाने के लिए गोद लिया गया।
- इस गांव में लगभग 800 से अधिक पेड़ पौधे लगाकर पार्क विकसित किया जाएगा।
- महिलाओं में उधमिता विकसित करने के लिए गांव में मसाला ग्रेडिंग व पिसाई मशीनें लगाई गई है।

## चिकित्सा विभाग और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

- विज्ञान, मानविकी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा विभाग और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच एक एमओयू हुआ ।
- जिसमें आपसी अनुभव साझा होने से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को वैश्विक पहचान मिलेगी।
- इसके साथ ही कैपेसिटी बिल्टअप होगी।

## अभियान प्रकाश एक अभियान–सभी आयाम

- नागौर जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में अभियान प्रकाश संचालित किया गया।
- अभियान प्रकाश का स्लोगन है एक अभियान सभी आयाम।
- इस अभियान के तहत किसी कारणवश शिक्षा से वंचित व विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

## टीसीएस वर्ल्ड 10 किमी रेस में दामोदर को रजत

- बेंगलुरु में आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10 किमी रेस में जयपुर के दामोदर प्रसाद शर्मा ने 70 प्लस केटेगरी में रजत पदक जीता है।
- दामोदर प्रसाद जी ने 52 मिनट 1 सेंकड में यह रेस पूरी की।
- दामोदर आरएमएस से सेवानिवृत्त है

राजस्थान समसामयिकी – 26 मई 2023

## अवनी लेखरा ने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में जीता रजत पदक

- अवनी लेखरा ने कोरिया में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में रजत पदक जीता है ।
- अवनी ने 24वें राउंड में कुल 250.1 के लिए 10.3 का स्कोर किया।
- स्वीडन की अन्ना वेन्सन से हारकर रजत पदक जीता है।
- अवनी लेखरा का खेल पैरा शूटिंग राइफल्स (SH-1) है।
- जिला– जयपुर
- 2022 में पदम श्री अवार्ड

- 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड
- 2022 में फिक्की पैरा स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर

## अवनी लेखरा की उपलब्धियां –

- टोक्यो पैरा ओलंपिक 2020 में एक स्वर्ण (10 मीटर) और एक कांस्य पदक (50 मीटर) जीता।
- फ्रांस में आयोजित पैराशूटिंग विश्व कप 2022 में 10 मीटर तथा 50 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता ।
- 2022 विश्व कप तक दक्षिण कोटिया में 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता ।
- टोक्यो पैरा ओलंपिक 2020 समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक जयपुर की निशानेबाज अवनी लेखरा रही ।
- राजस्थान की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व उड़ान योजनओं की ब्रांड एम्बेसडर है।

## राजसमन्द में जलदेवजी माताजी मंदिर के लिए 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी

- राजसमन्द जिले के जलदेवजी माताजी मंदिर, सांसेरा में पर्यटन विकास के कार्य कराए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## राजस्थान के 5 संभागों में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी केन्द्र खुलेंगे

- राजस्थान के अजमेर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर एवं उदयपुर संभागों में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आट–कैट) केन्द्र खोले जाएंगे।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने युवाओं के कंप्यूटर आधारित कौशल विकास के क्रम में इन केन्द्रों के लिए 25.3 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंजूर किया है।

**नए आर कैट केन्द्र–**

1. कोटा – सर्वपल्ली राधाकृष्णन भवन, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
2. उदयपुर – विज्ञान भवन, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
3. भरतपुर – आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विभाग, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय
4. अजमेर – राजकीय अभियांत्रिकी कोलाज
5. बीकानेर– स्कूल इनोवेशन हब, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय

**नोट**

- राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT) – जयपुर
- राजीव गांधी फिनटेक यूनिवर्सिटी जोधपुर
- जोधपुर जिले में राजीव गांधी सेंटर फॉर आईटी डेवलपमेंट एंड ई–गवर्नेस स्थापित की जाएगी।
- राजीव गांधी फिनटेक पार्क – जयपुर
- राजीव गांधी डिजिटल योजना किस वर्ष शुरू हुई 2013–14
- राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, कोटा जिलों में राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एंड इन्नोवेशन हब बनाए जा रहे हैं।

## राज्य की पहली रोबोटिक्स लैब – लवाना, आमेर (जयपुर)

- सरकारी स्कूल में राज्य की पहली रोबोटिक्स लैब राजकीय माध्यमिक विद्यालय लवाना, आमेर (जयपुर) में लगाई गई है।
- निजी स्कूलों की तर्ज पर अब शहर के सरकारी स्कूलों में भी बच्चे ड्रोन, थ्री डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स का जान लेंगे।
- इसके लिए स्कूलों में रोबोटिक्स लेब विकसित की जा रही है।
- स्कूल शिक्षा परिषद् ने निजी कंपनी की सहभागिता से राज्य के पाँच स्कूलों में लैब विकसित करने के ऑर्डर जारी किये हैं।
- ये लैब जयपुर के आमेर, किशनगढ़ रेनवाल, बीकानेर, मंडोर, भरतपुर में लगाई जा रही है।

राजस्थान समसामयिकी – 27 मई 2023

## नई संसद भवन के निर्माण में राजस्थान की सामग्रियों का उपयोग

- 28 मई 2023 को नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी करेंगे ।

## नई संसद भवन के निर्माण में राजस्थान के जिलों से उपयोग में ली गई सामग्री

- लाल सफेद सेंडस्टोन – सरमथुरा, धौलपुर
- केसरिया हरा पत्थर – उदयपुर
- लाल ग्रेनाइट – लाखा, अजमेर
- सफेद संगमरमर – अंबाजी, सिरोही
- अशोक प्रतीक के लिए सामग्री , कोटपुतली से पत्थर – जयपुर
- पत्थर की जाली का काम – राज नगर, भीलवाड़ा

- पत्थर की नक्काशी का काम आबूरोड और उदयपुर के मूर्ति का रोल किया ।

## राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश – ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह

- राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह को नियुक्त किया ।
- ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश थे ।
- कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश– मनिंदर मोहन श्रीवास्तव थे ।

1. 40वें मुख्य न्यायाधीश – पंकज मित्तल
2. 39वें मुख्य न्यायाधीश – एम. एस. शिन्दे
3. 38वें मुख्य न्यायाधीश – अकील अब्दुल कुरेशी
4. प्रथम मुख्य न्यायाधीश – कमल कांत वर्मा

- अनुच्छेद 214– राज्य में एक उच्च न्यायालय का गठन

**अनुच्छेद 217–**

- मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है।
- उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श की जाती हैं।

## बांसियाल खेतड़ी कंजर्वेशन रिजर्व में जंगल सफारी 5 जून 2023 से शुरू

- विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग द्वारा 5 जून 2023 से बांसियाल खेतड़ी कंजर्वेशन रिजर्व में जंगल सफारी शुरू की जा रही है ।

## राजस्थान में भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान के द्वारा सुदर्शन शक्ति 2023 युद्धाभ्यास

- 22 से 25 मई तक राजस्थान में भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान के द्वारा सुदर्शन शक्ति 2023 युद्धाभ्यास किया गया ।
- जोधपुर में भारत और सिंगापुर के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास वोल्ड कुरुक्षेत्र का आयोजन हुआ ।जैसलमेर में भारत और मिस्र देश की सेना के साथ पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास साइक्लोन–1 शुरू हुआ है ।
- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (एफएएसएफ) दिनांक 26 अक्टूबर से 12 नवंबर, 2022 तक जोधपुर वायु सेना स्टेशन पर गरुड़–7 नामक एक द्विपक्षीय अभ्यास में भाग लिया ।
- भारतीय सेना के दक्षिण–पश्चिम कमान ने 21 नवंबर 2022 को राजस्थान का रेगिस्तान में अग्नि शक्ति अभ्यास शत्रुनाश का आयोजन किया ।
- 1 से 13 अगस्त 2022 भारत ओमान के बीच अल नजाह संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजन महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर

## होमगार्ड्स एवं होमगार्ड 'वालिटियम के अनुबंध की अवधि को बढाकर 5 वर्ष से 15 वर्ष करने की घोषणा

- मुख्यमंत्री ने विद्याधर नगर में गृह रक्षा निदेशालय के नवीन प्रशासनिक भवन के उद्घाटन किया।
- होमगार्ड्स एवं होमगार्ड 'वालिटियम के अनुबंध की अवधि को बढाकर 5 वर्ष से 15 वर्ष करने की घोषणा की है।

- राज्य सरकार द्वारा होमगार्ड विभाग को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।
- होमगार्ड्स के मानदेय में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा 58 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवा से पृथक हो रहे स्वयंसेवकों को लघु व्यवसाय हेतु कल्याण कोष से अधिकतम 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि दी जा रही है।

## बांरा जिले में रामगढ़ क्रेटर को 'जियो टूरिज्म केंद्र बनाने हेतु मंजूरी

- रामगढ़ क्रेटर, बांरा राज्य की पहली जियो हेरिटेज साइट है ।
- राजस्थान सरकार बांरा जिले के रामगढ़ में लगभग 60 करोड़ साल पहले संभवतः अंतरिक्ष से किसी उल्का पिंड के गिरने से बने गड्ढे (क्रेटर) को 'भू पर्यटन केंद्र' के रूप में विकसित करने जा रही है।
- यह देश का तीसरा और राज्य का पहला ऐसा क्रेटर' है।
- देश में पहले दो क्रेटर महाराष्ट्र में लूनर क्रेटर और मध्य प्रदेश में ढाला क्रेटर हैं।

## रामगढ़ क्रेटर खास क्यों हैं ?

- साल 1869 में प्रदेश के बारां जिले के मांगरोल तहसील से 12 किमी दूरी पर एक क्रेटर की खोज की गड़ी माना जाता है कि यह क्रेटर 600 मिलियन वर्ष पूर्व अंतरिक्ष से किसी उल्का गिरने के प्रहार से बना था।
- इस क्रेटर का व्यास 3.5 किमी है।

- प्राकृतिक भौगोलिक विरासत रामगढ़ क्रेटर को अंतरराष्ट्रीय संगठन, अर्थ इम्पेक्ट डेटाबेस सोसाइटी ऑफ कनाडा की ओर से वर्ष 2020 में संवैधानिक मान्यता दी गई है।
- रामगढ़ को अब विश्व भू–विरासत के 200 वें क्रेटर के रूप में पहचान मिल चुकी है।

## वर्ष 2022 – 23 में राज्य के 40 हजार वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थलों का करेंगे भ्रमण

- राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के तहत प्रदेश के श्रद्धालुओं को रेल एवं हवाई जहाज के जरिए निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है।
- इस वित्त वर्ष में राज्य के 40 हजार वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे।
- कुल 36 हजार बुजुर्ग यात्री रैल एवं 4 हजार हवाई जहाज से तीर्थाटन के लिए जाएंगे।
- रेल यात्री रामेश्वरम– मदुरई, जगन्नाथपुरी, नागोर तिरुपति, द्वारकापुरी सोमनाथ, वैष्णो देवी– अमृतसर, प्रयागराज वाराणसी, मथुरा–वृंदावन बरसाना, सम्मेद शिखर–पावापुरी– बेधनाथ, उज्जैन ऑकारेश्वर–त्रयम्बकेश्वर, गंगासागर, कामाख्या, हरिद्वार ऋषिकेश अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलनकानी चर्च तमिलनाडु जाएंगे।
- हवाई यात्रियों को पशुपतिनाथ, काठमांडू नेपाल की यात्रा करवाई जाएगी।

राजस्थान समसामयिकी – 28 मई 2023

## मारवाड़ युवा महोत्सव का आयोजन

- जोधपुर संभाग मुख्यालय पर "मारवाड़ युवा महोत्सव" का आयोजन 29–30 मई 2023 को किया जाएगा।
- इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा किया जाएगा।
- दुर्लभ लोक कलाओं को सांस्कृतिक संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन देने के लिए युवा महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।

## पंडित मोहन लाल "महाराणा प्रताप पुरस्कार" से सम्मानित

- विशेषज्ञ ज्योतिषाचार्य पंडित मोहन लाल शर्मा को पिछले ज्योतिष सम्मेलन में "महाराणा प्रताप पुरस्कार" से सम्मानित किया गया ।

## 'यूथ को जोड़ो' अभियान

- भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा संचालित पुस्तकालयों से नए पाठकों को जोड़ने के लिए 'यूथ को जोड़ो' अभियान चलाया जाएगा।

राजस्थान समसामयिकी – 29 मई 2023

## जयपुर के रामबाग पैलेस को विश्व के नंबर 1 होटल का दर्जा

- जयपुर के रामबाग पैलेस को विश्व की सबसे बड़ी ट्रैवल साइट ट्रिप एडवाइजर की ओर से "ट्रैवलर्स च्वाइस अवॉर्ड्स 2023" में विश्व के नंबर 1 होटल का दर्जा दिया गया है।
- यह मूल रूप से 1835 में बनाया गया था।
- यह रानी की पसंदीदा हेंड मेडेन का घर था ।
- और फिर यह शाही गेस्टहाउस और हंटिंग लॉज बना ।
- 1925 में यह जयपुर के महाराजा का स्थायी निवास बन गया।
- यह 47 एकड़ में स्थापित है।

## सीकर के शहीद शिशुपाल सिंह व बाड़मेर के शहीद कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई "डेग हेमटस्कॉल्ड मेडल" से सम्मानित

- कांगो में यूएन शांति मिशन में ड्यूटी के दौरान विद्रोहियों के साथ लोहा लेते हुए प्राणों की आहुति देने वाले सीकर के शहीद शिशुपाल सिंह व बाड़मेर निवासी हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई शहीद हो गए थे।
- शहीदों को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय "डेग हेमटस्कॉल्ड मेडल" (Dag Hammarskjold medal) से सम्मानित किया गया ।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में फिरदौस कायमखानी ने जीता गोल्ड मेडल

- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में कोटा यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट्स फिरदौस कायमखानी ने गोल्ड मेडल जीता है।
- 400 मीटर व्यक्तिगत तैराकी प्रतियोगिता में देश के शीर्ष आठ यूनिवर्सिटी की महिला तैराकों को हटाकर फिरदोस ने यह मेडल हासिल किया।
- फिरदोस मूल रूप से शाहपुरा भीलवाड़ा की रहने वाली है।

## टोंक के सुनहरी कोठी और हाथीभाटा को विकसित करने की घोषणा

- राजस्थान के टोंक जिले में सुनहरी कोठी, हाथीभाटा को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की घोषणा की ।
- राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र राठौड़ है।

राजस्थान समसामयिकी – **30** मई 2023

## मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर "एग्जेम्पलटी रिसर्चंट ऑफ द ईयर पुरस्कार" से सम्मानित

- दिल्ली में एजुकेशन वर्ल्ड की ओर से आयोजित इंडिया हायर एजुकेशन रैंकिंग 2023-24 अवाड्र्स समारोह में मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) को एग्जेम्पलटी रिसर्चंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।
- और इसे पूरे भारत में 5वां और राजस्थान राज्य में पहला स्थान दिया गया है।

- मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को 16वें इंटरनेशनल एजुकेशन लीडरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट समिट–2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर वेस्ट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है।

## नेशनल वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप–2023 में बांरा के महेंद्र शर्मा ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

- हैदराबाद में आयोजित नेशनल वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप–2023 में बांरा के महेंद्र शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है।
- महेंद्र शर्मा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर राजस्थान टीम को 73 किलो वैट कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल दिलवाया है।
- महेंद्र शर्मा वर्तमान में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बांरा डिपो में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

## डॉ. कृष्णा पूनिया ने गोल्फर डॉ. देवेंद्र कुमार को किया सम्मानित

- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा एसएमएस स्टेडियम में आवासीय ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के उद्घाटन समारोह में शहर के गोल्फर डॉ. देवेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।
- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने डॉ. देवेंद्र को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

- डॉ. देवेंद्र हाल ही में संबलपुर (ओडिशा) में आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर गोल्फ प्रतियोगिता में ग्रॉस विनर का खिताब जीत लगातार दूसरी बार बेस्ट गोल्फर बने थे।

## राजस्थान समसामयिकी – 31 मई 2023

### तम्बाकू के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू

- जयपुर में 30 मई 2023 को तम्बाकू के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के लिए माईकिंग ई– रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- तम्बाकू निषेध सप्ताह 25 मई से शुरू किया गया है।
- विश्व तम्बाक निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा।

### बीज मिनिकिट के लिए 128.57 करोड़ रुपये की मंजूरी

- 23 लाख किसानों को बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरित किए जाएंगे ।
- इसके लिए मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने 128.57 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।
- राज्य सरकार प्रत्येक किसान को बीज मिनिकिट में संकर मक्का के 5 किलोग्राम, सरसों के 2 किलोग्राम, मूंग एवं मोठ के 4-4 किलोग्राम एवं तिल के 1 किलोग्राम प्रमाणित किस्मों के बीज निःशुल्क उपलब्ध कराएगी।

## डूंगरपुर को मुस्कान कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता प्रमाण पत्र से नवाजा

- राजस्थान की सुदृढ़ चिकित्सा सेवाओं को भारत सरकार ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता प्रमाण–पत्र से नवाजा है।
- जिला अस्पताल डूंगरपुर को मुस्कान कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रमाण–पत्र मिला है।
- डूंगरपुर मुस्कान कार्यक्रम के तहत प्रमाण–पत्र पाने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल बन गया है।
- डूंगरपुर को बेहतर शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए यह पुरस्कार मिला है।
- भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों को पूटा करते हुए जिला अस्पताल डूंगरपुर ने 92% स्कोर हासिल किया है।

## जोधपुर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नाथद्वारा में कुश्ती अकादमी और स्टेडियम निर्माण के लिए 36 करोड़ की मंजूरी

- जोधपुर के अमृतलाल स्टेडियम चैनपुरा को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और राजसमंद जिले के नाथद्वारा में कुश्ती अकादमी और स्टेडियम का निर्माण करने का फैसला किया है।
- इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 36 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।

- इनमें जोधपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- इसमें सिन्थेटिक ट्रैक, जॉगिंग ट्रेक, स्केटिंग कोर्ट, किड्स प्ले जोन, ओपन और इंडोट जिम सहित अन्य सिविल और इलेक्ट्रिक कार्य कटाए जाएंगे।
- राजसमंद के सरदारपुरा में कुश्ती अकादमी और स्टेडियम के निर्माण पर 26 करोड़ रुपये लागत आएगी।

## पत्रकार हाजिर जफर खान सिंधी का निधन

- आकाशवाणी जोधपुर केंद्र से वरिष्ठ उद्घोषक तथा हिंदी, उर्दू, राजस्थानी के मशहूर वरिष्ठ उद्घोषक व पत्रकार हाजिर जफर खान सिंधी का निधन हो गया ।
- ब्रिटेन में भारत के वर्तमान छवि के ऊपर एक शार्ट मूवी बनाई गई जिसमें जफर खान सिंधी की आवाज को वॉइस ओवर दिया गया था

Other Topic Important Links

**Rajasthan Daily Current Affairs**

**Rajasthan Latest Job Alert**

**Science More Important Topics you can click here**

**Hindi More Important Topics you can read here**

**Rajasthan GK More Important Topics click here**

**Psychology More Important Topics you can read here**

**Follow us on Facebook**